# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–257/2024*

## राज्यपाल ने स्व० कालिका नंदन प्रसाद सिंह के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लिया

**पटना, 11 दिसम्बर, 2024 :–** माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना में आयोजित 'स्व० कालिका नंदन प्रसाद सिंह जन्म शताब्दी समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्व० कालिका बाबू ने जीवन भर समाज के लिए कार्य किया। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समाज के सामने लाने की आवश्यकता है ताकि युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके। उन्होंने अपने मन में नेतृत्व का भाव लाये बिना अनगिनत लोगों का मार्गदर्शन किया।

राज्यपाल ने कहा कि ईश्वर हमारे बीच वैसे अनेक लोगों को भेजते हैं जो अपने जीवन और कार्यों के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन करते हैं। कालिका बाबू उन्हीं लोगों में से एक थे। वे एक सच्चे कर्मयोगी थे और आनेवाले समय के लिए उनका कार्य पाथेय है। उनका जीवन अनुकरणीय है। राज्यपाल ने स्व० कालिका बाबू के जीवन और कार्यों पर आधारित व्याख्यानमाला के आयोजन का सुझाव भी दिया।

कार्यक्रम को बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, माननीय राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल तथा विश्व हिन्दू परिषद् के श्री विनायक देशपाण्डे आदि ने भी संबोधित किया।

.......................................